HINDUSTAN PAGE 6

एलयू नेचर इंडेक्स में 32 वें स्थान पर

उपलब्धि

लखनऊ | निज संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय ने नेचर इंडेक्स सूचनांक में 32 वां स्थान हासिल किया है। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक राय ने बताया कि पिछले वर्ष विश्वविद्यालय वेब मैट्रिक्स इंडेक्स, द टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी और इंडिया टूडे रैंकिंग में अपना स्थान सुरक्षित करने में सफल रहा था। विश्वविद्यालय को पूरे देश में भौतिक विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान की गुणवत्ता के एक संकेतक के रूप में आंका गया है। जिसे नेचर इंडेक्स द्वारा भौतिक विज्ञान की शीर्ष पत्रिकाओं में प्रकाशनों के आधार पर मापा गया था। एलयू ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स और बर्दवान विश्वविद्यालय के साथ 32 वां स्थान हासिल किया। जो शोधकर्ताओं द्वारा अन्य विश्वविद्यालयों की तुलना में सीमित संसाधनों के बावजूद उत्पादित शोध पत्रों की उत्कृष्ट गुणवत्ता प्रमाणित करता है।

एलयू और कीस्टोन मानव सेवा इंटरनेशनल के बीच एमओयू

लखनऊ विश्वविद्यालय और कीस्टोन मानव सेवा इंटरनेशनल, भारत के प्रतिनिधि एलिजाबेथ पेनाक नेउविल के बीच बुधवार को एमओयू हुआ। कीस्टोन ह्यूमन सर्विसेज इंटरनेशनल के सहयोग से विश्वविद्यालय ने 'विकलांगता अध्ययन' पर एक पाठ्यक्रम बनाया है। एमओयू के तहत अब इस दिशा में और बेहतर कार्य होंगे।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : जून में होगी स्नातक की प्रवेश परीक्षा

यूपी बोर्ड परीक्षा खत्म होने के दो सप्ताह के भीतर प्रवेश परीक्षा कराने की तैयारी

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय और सहयुक्त कॉलेजों में स्नातक पाठ्यक्रमों की दाखिला परीक्षा जून में होगी। हालांकि, अभी प्रवेश परीक्षा की तिथि तय नहीं हुई है। विश्वविद्यालय प्रशासन प्रवेश परीक्षा की तैयारी में जुट गया है।

लविवि और सहयुक्त कॉलेजों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया 9 मार्च से प्रस्तावित है। इसे देखते हुए दाखिला परीक्षा जून में कराने की तैयारी है। विवि प्रशासन की कोशिश है कि यूपी बोर्ड परीक्षाएं खत्म होने के दो हफ्ते के अंदर ही प्रवेश परीक्षा करा ली जाए। लविवि के प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि फिलहाल आवेदन प्रक्रिया को लेकर तैयारियां अंतिम दौर में हैं। सभी विभागों से उनके यहां पर संचालित पाठ्यक्रम, दाखिले के नियम और सीटों का ब्योरा प्राप्त हो गया है। इनका संकलन किया जा रहा है। लविवि गत वर्ष से सेंट्रलाइज्ड प्रवेश करा रहा है, इसलिए सहयुक्त कॉलेजों से भी ब्योरा मांगाया गया था, वह प्राप्त हो रहा है। जल्द ही सभी का ब्योरा संकलित कर उसे आवेदन प्रक्रिया के लिए अपलोड कर दिया जाएगा। गत वर्ष लविवि की यूजी की करीब 3,800 सीटों के लिए दाखिले की प्रक्रिया हुई। वहीं सेंट्रलाइज्ड व्यवस्था में जिले के 70 कॉलेज भी शामिल हुए थे। इस बार लविवि को उम्मीद है कि दाखिले की प्रक्रिया में जिले से और कॉलेज जुड़ेंगे।

चार नए जिलों के कॉलेजों से भी मांगा प्रस्ताव

इस साल से रायबरेली, सीतापुर, हरदोई और लखीमपुर खीरी के भी कॉलेज लविवि से जुड़ गए हैं। इन जिलों में करीब 332 कॉलेज हैं। इनको भी लविवि की सेंट्रलाइज्ड दाखिले की व्यवस्था से जोड़ने के लिए प्रस्ताव मांगा गया है। रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि यदि ये राजी होते हैं इनके उनके यहां भी लविवि ही दाखिला कराएगा।

■ ***अभी नहीं हो पाई पीएचडी सीटों की गणना :*** पीएचडी की सीटों की भी अभी तक गणना नहीं हो पाई है। विभागों से ब्योरा मांगा गया था, जो उन्होंने एडमिशन सेल को भेज दिया है। विभागों ने पीएचडी कराने के लिए अर्ह सहयुक्त कॉलेजों से भी ब्योरा मांगा था, जो अभी नहीं मिला है। पीएचडी में दाखिले के लिए भी आवेदन की प्रक्रिया 9 मार्च से प्रस्तावित है।

आयुर्वेद और यूनानी की परीक्षाएं कल से

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने यूनानी और आयुर्वेद के विषयों का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षा केंद्र लविवि का पुराना परिसर ही रहेगा। करीब डेढ़ हजार छात्र परीक्षा देंगे। विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम वेबसाइट www.lkouniv .ac.in पर जारी कर दिया गया है। यूनानी की परीक्षाएं दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होंगी। बीयूएमएस प्रोफेशनल प्रथम वर्ष की परीक्षा 5 से 17 मार्च तक, द्वितीय वर्ष की 6 से 20 मार्च तक, तृतीय वर्ष की 5 से 19 मार्च और फाइनल ईयर की बैक पेपर परीक्षा 6 से 18 मार्च तक होगी। वहीं आयुर्वेद की परीक्षा सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक होगी। प्रोफेशनल की प्रथम वर्ष की परीक्षा 5 से 22 मार्च तक, द्वितीय वर्ष की 6 से 20 मार्च तक, तृतीय वर्ष नवीन पाठ्यक्रम की परीक्षा 5 से 19 मार्च तक, तृतीय वर्ष प्राचीन पाठ्यक्रम की परीक्षा 5 से 22 मार्च तक और फाइनल ईयर परीक्षा 2017, बैच 2011 प्राचीन पाठ्यक्रम 6 से 22 मार्च तक होगी।

शोध के क्षेत्र में लविवि को मिली देश में 32वीं रैंक

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने शोध क्षेत्र के सूचकांक में देश में 32वां स्थान प्राप्त कर न केवल लखनऊ बल्कि राज्य का नाम भी गौरवान्वित किया है। लविवि ने यह स्थान आईआईटी और अन्य उत्कृष्ट शोध संस्थानों के साथ साझा किया है। यह सूचकांक नेचर इंडेक्स ने जारी किया है। लविवि को पूरे देश में भौतिक विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान की गुणवत्ता के एक संकेतक के रूप में आंका गया था। इसे नेचर इंडेक्स द्वारा भौतिक विज्ञान की शीर्ष पत्रिकाओं में प्रकाशनों के आधार पर मापा गया।

प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि नेचर इंडेक्स ऐसी पत्रिका है जो विश्व के चुनिंदा सर्वश्रेष्ठ जर्नल में छपे शोध पेपरों के आधार पर रैंकिंग तैयार करती है। विश्वविद्यालय ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स और बर्दवान विश्वविद्यालय के साथ 32वां स्थान हासिल किया।

भौतिक विज्ञान की शीर्ष पत्रिकाओं में छपे शोधपत्रों के आधार पर नेचर इंडेक्स ने जारी की रैंकिंग

उन्होंने बताया कि यह उपलब्धि संस्थान के शोधकर्ताओं द्वारा सूची में मौजूद अन्य विश्वविद्यालयों की तुलना में अपने सीमित संसाधनों के बावजूद उत्पादित शोध पत्रों की उत्कृष्टता को प्रमाणित करती है। वहीं पिछले साल लविवि ने वेबमेट्रिक्स इंडेक्स, द टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग और इंडिया टुडे रैंकिंग में सम्मानजनक स्थान हासिल किया था।

i-NEXT PAGE 5 & 6

एलयू में 5 मार्च से बीयूएमएस एग्जाम

दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक होगा एग्जाम

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (3 March) : लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से बैचलर ऑफ यूनानी मेडिसिन एंड सर्जरी (बीयूएमएस) के प्रोफेशनल एग्जाम 5 मार्च से होंगे. इसका शेड्यूल यूनिवर्सिटी की बेवसाइट www.lkouniv.ac.in पर अपलोड कर दिया गया है. परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि स्टूडेंट्स वेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं. एग्जाम कैंपस में दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक होंगे.

कब कौन सा एग्जाम

- बीयूएमएस प्रथम प्रोफेशनल 5 मार्च से 17 मार्च
- बीयूएमएस द्वितीय प्रोफेशनल 6 मार्च से 20 मार्च
- बीयूएमएस तृतीय प्रोफेशनल 5 मार्च से 19 मार्च
- बीयूएमएस फाइनल प्रोफेशनल (बैक) 6 मार्च से 18 मार्च

योग्य शिक्षकों का मांगा गया ब्योरा

LUCKNOW (3 March) : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सम्बद्ध कालेजों में पीजी कोर्स में पढ़ाने वाले उन सभी शिक्षकों का ब्योरा मांगा है, जो पीएचडी कराने के लिए योग्य है. इस संबंध में विश्वविद्यालय ने कालेजों को बुधवार को पत्र भेजा है.

एडमिशन प्रोसेस होगा शुरू

एलयू स्नातक कोर्सों के साथ ही पीएचडी दाखिले की प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी में है. यह सभी दाखिले पीएचडी के नए आर्डिनेंस के अनुसार लिए जाएंगे. पहली बार विश्वविद्यालय रेगुलर के साथ पार्ट टाइम पीएचडी का भी मौका देगा. इसलिए विश्वविद्यालय के सभी विभागों से पीएचडी सीटों का ब्योरा मांगा गया था. कालेजों में पीजी कोर्स में पढ़ाने वाले उन शिक्षकों को भी शामिल किया जाना है, जो पीएचडी कराने के लिए पात्र हैं. ऐसे में बुधवार को डीन एकेडमिक्स प्रो. राकेश चंद्रा ने कालेज डेवलपमेंट काउंसिल के डीन को पत्र भेज कर यह ब्योरा देने को कहा है. इसी आधार पर कालेजों को भी निर्देश भेजे गए हैं.डीन एडमिशन प्रो. वीके मिश्रा का कहना है कि जिन विभागों से पीएचडी सीटों का ब्योरा नहीं मिला है, उनसे मंगाया जा रहा है.

JAGRAN CITY PAGE I

लविवि : जून में होगी स्नातक प्रवेश परीक्षा

जासं, लखनऊ: लखनऊ विवि में आगामी नौ मार्च से स्नातक कोर्सों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी। इसके लिए विभागों से सीटों व कोर्स आदि का ब्योरा एकत्र कर लिया गया है। विवि प्रशासन दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा जून में कराने की तैयारी कर रहा है।

विवि ने पिछले साल यूजी की 3,800 सीटों पर प्रवेश मेरिट से लिए थे। इस बार प्रवेश परीक्षा होगी। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने के लिए तेजी से काम चल रहा है। बैंक से भी बात हो चुकी है। पूरी कोशिश है कि नौ मार्च से यूजी के आवेदन शुरू हो जाएं। उन्होंने बताया कि अभी 20 अप्रैल तक आवेदन का मौका रहेगा। जरूरत के मुताबिक तिथि बढ़ाई भी जा सकती है। कोविड-19 की वजह से इस बार सभी बोर्ड परीक्षाएं देर से शुरू हो रही हैं। फिर भी जून के दूसरे सप्ताह तक समाप्त हो जाएंगी। उसी आधार पर प्रवेश परीक्षा की तिथि भी जल्द तय की जाएगी।

कॉलेजों को जल्द भेजा जाएगा फार्म: पिछले साल की तर्ज पर इस बार भी लविवि प्रवेश के लिए केंद्रीयकृत व्यवस्था का भी विकल्प रखेगा। गत वर्ष लविवि से सम्बद्ध करीब 70 कालेज इसमें शामिल हुए थे। अब चार अन्य जिलों के कालेज भी लविवि से सम्बद्ध हो गए हैं। ऐसे में उन्हें भी केंद्रीयकृत व्यवस्था में शामिल होने का विकल्प दिया जाएगा।

लखनऊ विवि की बीयूएमएस परीक्षाएं होंगी कल से

जासं, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से बैचलर आफ यूनानी मेडिसिन एंड सर्जरी (बीयूएमएस) की प्रोफेशनल परीक्षाएं पांच मार्च से आयोजित की जाएंगी। परीक्षा कार्यक्रम वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर अपलोड कर दिया गया है।

विवि के परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि संबंधित विषय के छात्र-छात्राएं वेबसाइट के माध्यम से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। सभी परीक्षाएं दोपहर दो से शाम पांच बजे तक विवि में ही होंगी।

ये हैं प्रमुख तिथियां

- बीयूएमएस प्रथम प्रोफेशनल : पांच मार्च से 17 मार्च तक
- बीयूएमएस द्वितीय प्रोफेशनल : छह मार्च से 20 मार्च तक
- बीयूएमएस तृतीय प्रोफेशनल : पांच मार्च से 19 मार्च तक
- बीयूएमएस फाइनल प्रोफेशनल (बैक) : छह से 18 मार्च तक।

बीफार्मा, एमबीए कोर्सों के लिए आवेदन 18 से

जासं, लखनऊ: डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कालेजों में बीफार्मा, बीटेक लेटरल, बीफार्मा लेटरल, बीएचएमसीटी, बीएफए, बीएफएडी, बीडेस, बीवोक, एमसीए, एमबीए इंटीग्रेटेड एवं एमसीए इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन 18 मार्च से शुरू होंगे। दाखिले के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) यूपीजेईई 2021-22 का आयोजन मई के दूसरे सप्ताह में कराने की तैयारी है। यह जानकारी विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो. विनीत कंसल ने दी। एनटीए के माध्यम से आनलाइन आवेदन शुरू होंगे।

शिक्षकों का मांगा ब्योरा

लखनऊ : लखनऊ विवि ने सम्बद्ध कालेजों में पीजी कोर्स में पढ़ाने वाले उन शिक्षकों का ब्योरा मांगा है, जो पीएचडी कराने के योग्य हैं। इस संबंध में विवि ने कालेजों को बुधवार को पत्र भेजा है। लविवि स्नातक कोर्सों के साथ ही पीएचडी दाखिले की प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी में है। यह सभी दाखिले पीएचडी के नए आर्डिनेंस के अनुसार लिए जाएंगे। पहली बार विवि रेगुलर के साथ पार्ट टाइम पीएचडी का भी मौका देगा। (जासं)

शोध की रैंकिंग में लविवि को 32वां स्थान

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपने शोध की वजह से देशभर के विश्वविद्यालयों के लिए हुई रैंकिंग में 32वां स्थान हासिल किया है। यह रैंकिंग अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित नेचर जर्नल पत्रिका द्वारा जारी की गई है। विवि के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि नेचर जर्नल हर साल सभी विवि की रैंकिंग करती है। (जासं)

गुणवत्तापरक शोध के लिए लविवि और कीस्टोन में बनी सहमति

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने कीस्टोन मानव सेवा इंटरनेशनल के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किया है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और संस्थान की भारत की प्रतिनिधि एलिजाबेथ पेनॉक ने अंग्रेजी और आधुनिक यूरोपीय भाषाओं के विभागाध्यक्ष प्रो. रानू उनियाल की मौजूदगी में एमओयू पर हस्ताक्षर किया। इससे शैक्षणिक गतिविधियों व गुणवत्तापरक शोध को बढ़ावा मिलेगा। कीस्टोन मानव सेवा इंटरनेशनल पिछले कुछ वर्षों से गौर सरकारी संगठन व शैक्षणिक संस्थानों को प्रशिक्षण, शिक्षा परामर्श और तकनीकी सहायता प्रदान कर रहा है। इस संस्था के सहयोग से लविवि ने विकलांगता अध्ययन पर एक मूल्यवर्धित वैकल्पिक पाठ्यक्रम बनाया है जो अंग्रेजी व आधुनिक यूरोपीय भाषाओं के विभाग में शामिल किया गया है।

यौन हिंसा के खिलाफ जागरूकता जरूरी

लखनऊ। मिशन शक्ति के अंतर्गत लविवि के एप्लाइड साइंसेज एंड ह्यूमैनिटीज, फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा किशोरावस्था में यौन हिंसा और उसके लिए जागरूकता विषय पर वेबिनार आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी सुतापा सान्याल ने यौन उत्पीड़न जैसे अपराधों के लिए निवारक का काम करने वाले कानूनों का उल्लेख किया। वेबिनार का संयोजन डॉ. ईशा सिंह व डॉ. शशि बाला ने किया।

एकल छात्र परिषद का गठन

लखनऊ। लविवि में बुधवार को एकल छात्र परिषद का गठन किया गया। परिषद के अध्यक्ष पद पर बीए ऑनर्स द्वितीय वर्ष के अमित कुमार का चयन किया गया। वहीं राज तिवारी सचिव, रिया गुप्ता उपाध्यक्ष, भास्कर गिरि व आयुष शुक्ला संयुक्त सचिव बनाए गए। परिषद का मुख्य कार्य विवि के निकट मलिन बस्तियों के गरीब बच्चों को पढ़ाना, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तीकरण आदि है। इस अवसर पर प्रो. ओपी शुक्ला, डॉ. जितेंद्र रस्तोगी मौजूद रहे।

NBT PAGE 4

पीएचडी के इच्छुक शिक्षकों की तलाश में एलयू

संबद्ध कॉलेजों से फिर मांगा शिक्षकों का ब्योरा

■ **एनबीटी, लखनऊ:** लखनऊ यूनिवर्सिटी ने संबद्ध कॉलेजों से उनके योग्य शिक्षकों का ब्योरा मांगा है, जो पीएचडी करने को इच्छुक हैं। एलयू प्रशासन ने बुधवार को कॉलेजों को इस सिलसिले में पत्र भेजा है।

डीन अकैडमिक्स प्रो. राकेश चंद्रा ने कॉलेज डिवेलपमेंट काउंसिल के डीन को पत्र भेजकर यह ब्योरा इकट्ठा करने की जिम्मेदारी दी है।

एलयू स्नातक पाठ्यक्रमों के साथ ही पीएचडी दाखिले की प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी में है। ऐसे में एलयू के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने सभी विभागों को पत्र जारी कर 25 फरवरी तक रेगुलर और पार्ट टाइम पीएचडी से संबंधित विवरण मांगा था। हालांकि, बुधवार तक कई विभागों से सूचनाएं नहीं आने पर एक बार फिर मौका दिया गया है। डीन एडमिशन प्रो. वीके मिश्रा के मुताबिक जिन विभागों से पीएचडी सीटों का ब्योरा नहीं मिला है, उनसे संपर्क करके मंगवाया जा रहा है।

एलयू 32वें स्थान पर

■ **एनबीटी, लखनऊ:** एलएयू नेचर इंडेक्स सूचकांक में 32वां स्थान हासिल करने में करने में कामयाब हुआ है। भारत सरकार के 'विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग' ने एलयू को देश में भौतिक विज्ञान के क्षेत्रों में अनुसंधान की गुणवत्ता के एक संकेतक रूप में गणना की थी, जिसे नेचर इंडेक्स ने भौतिक विज्ञान की शीर्ष पत्रिकाओं में प्रकाशनों के आधार पर मापा है। 'नेचर इंडेक्स' में विभिन्न संस्थाओं की वैश्विक, क्षेत्रीय और देशों के अनुसार रैंकिंग जारी की जाती है।

एलयू के पीजी एंट्रेंस एग्जाम जून में

नौ मार्च से शुरू होगी ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया

CONCEPT PIC

LUCKNOW(3 March): लखनऊ विश्वविद्यालय में आगामी नौ मार्च से स्नातक कोर्सों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी. इसके लिए विभागों से सीटों व कोर्स आदि का ब्योरा एकत्र कर लिया गया है. विवि प्रशासन दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा जून में कराने की तैयारी कर रहा है.

20 अप्रैल तक आवेदन

लखनऊ विश्वविद्यालय ने पिछले साल अंडर ग्रेजुएट की 3,800 सीटों पर प्रवेश मेरिट से लिए थे. इस बार प्रवेश परीक्षा होगी. प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने के लिए तेजी से काम चल रहा है. बैंक से भी बात हो चुकी है. पूरी कोशिश है कि नौ मार्च से यूजी के आवेदन शुरू हो जाएं. उन्होंने बताया कि अभी 20 अप्रैल तक आवेदन का मौका रहेगा. जरूरत के मुताबिक तिथि बढ़ाई भी जा सकती है. कोविड-19 की वजह से इस बार सभी बोर्ड परीक्षाएं देर से शुरू हो रही हैं. फिर भी जून के दूसरे सप्ताह तक समाप्त हो जाएंगी. उसी आधार पर प्रवेश परीक्षा की तिथि भी जल्द तय की जाएगी.

जून के दूसरे सप्ताह तक समाप्त हो जाएगा एग्जाम. प्रवेश परीक्षा की डेट भी जल्द घोषित होगी.

लखनऊ विश्वविद्यालय ने शोध को बढ़ावा देने के लिए किया एमओयू

लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और कीस्टोन मानव सेवा इंटरनेशनल, भारत की प्रतिनिधि एलिजाबेथ पेनॉक नेउविल के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए • जागरण

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और कीस्टोन मानव सेवा इंटरनेशनल, भारत की प्रतिनिधि एलिजाबेथ पेनाक नेउविल (मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग) पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू होने से शोध कार्य को बढ़ावा मिलेगा।

कीस्टोन ह्यूमन सर्विसेज इंटरनेशनल पिछले कुछ वर्षों से विभिन्न गैर सरकारी संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों और अन्य सरकारी और गैर-सरकारी एजेंसियों को प्रशिक्षण, शिक्षा, परामर्श और तकनीकी सहायता प्रदान कर रहा है। लविवि के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि कीस्टोन ह्यूमन सर्विसेज इंटरनेशनल के सहयोग से विवि ने विकलांगता अध्ययन पर एक मूल्य वर्धित वैकल्पिक पाठ्यक्रम बनाया है। एमओयू से शोध को बढ़ावा मिलेगा। इस मौके पर अंग्रेजी और आधुनिक यूरोपीय भाषाओं के विभाग का हेड प्रो. रानू उनियाल मौजूद रहीं।

लविवि : एकल छात्र परिषद गठित, अमित बने अध्यक्ष

लखनऊ विश्वविद्यालय में एकल छात्र परिषद के सदस्य • सौजन्य छात्र

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में बुधवार को एकल छात्र परिषद का गठन किया गया। डेढ़ सौ से अधिक छात्रों की मौजूदगी में बनी इस परिषद के अध्यक्ष के रूप में बीए ऑनर्स द्वितीय वर्ष के छात्र अमित कुमार का चयन किया गया।

वहीं, सचिव के पद पर राज तिवारी, उपाध्यक्ष रिया गुप्ता, भास्कर कुमार गिरी के साथ संयुक्त सचिव आयुष शुक्ला, ऋतुभ तिवारी और ऋषभ चुने गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. ओपी शुक्ला और डा. जितेंद्र रस्तोगी मौजूद रहे। प्रो. शुक्ला ने छात्रों को सलाह दी कि वे अपने नैतिक और मौलिक कर्तव्यों का निर्वहन करें।

पूरी ऊर्जा के साथ संस्कार शिक्षा पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तीकरण पर कार्य करें। छात्र परिषद का मुख्य कार्य लविवि के निकट स्लम में गरीब बच्चों को पढ़ाना, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देना है।

THE PIONEER PAGE 3

LU signs MoU with KHSI

PNS ■ LUCKNOW

A memorandum of understanding (MoU) was signed between the University of Lucknow and Keystone Human Services International (KHSI) on Wednesday. The MoU was signed by LU Vice-Chancellor Prof AK Rai and KHSI representative Elizabeth Pennock Neuville. Also present was head of the department of English and Modern European Languages Prof Rani Uniyal.

LU spokesperson Durgesh Srivastava said KHSI has been working in India for the past few years, providing training, education, consultation and technical support to various NGOs, educational institutions and other governmental and non-governmental agencies.

"The University of Lucknow, in collaboration with Keystone Human Services International, has created a value added elective course on 'Disability Studies', which is functional at the department of English and Modern European Languages," the spokesperson said.

HINDUSTAN TIMES PAGE 4

An MoU regarding the course was signed between University of Lucknow and Keystone Human Services International, India on Wednesday. SOURCED

LU STARTS COURSE ON DISABILITY STUDIES

LUCKNOW : The Department of English and Modern European Languages, University of Lucknow will be teaching a course on disability studies in the choice-based credit system (CBCS) at the postgraduate level. It is aimed to promote the understanding of inclusive practices. For this purpose, an MoU was signed between the University of Lucknow and Keystone Human Services International, India here on Wednesday. LU vice-chancellor, prof Alok Kumar Rai in presence of prof Ranu Uniyal, head of the department of English and Modern European Languages and Keystone Human Services International, India through its representative, Elizabeth Pennock Neuville signed the MoU.

PIONEER PAGE 3

एलयू ने 2354 बीएड कालेजों को आरटीजीएस से भेजा शुल्क

लखनऊ। सत्र 2020-22 के बीएड काउंसलिंग से एडमिशन के माध्यम से जमा छात्रों के शुल्क के एवज में 2354 बीएड कालेजों के खाते में लखनऊ विश्वविद्यालय ने आरटीजीएस के माध्यम से शुल्क भेज दिया है। कुछ दिनों पूर्व कोरोना के चलते आर्थिक संकट बताते हुए शुल्क की मांग उप्र स्ववित्तपोषित महाविद्यालय एसोसिएशन की तरफसे की गई थी। विवि के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2020-22 की काउंसलिंग प्रक्रिया 31 दिसम्बर 2020 को समाप्त हुयी थी। काउंसलिंग के पश्चात् सभी महाविद्यालयों में प्रवेशित छात्रों की सूची संबंधित महाविद्यालयों में प्रेषित की जा चुकी है। इस वर्ष लखनऊ विश्वविद्यालय ने रिकार्ड समय में समस्त महाविद्यालयों में प्रवेशित छात्रों का शुल्क उनके खातों में हस्तांतरित करने का प्रयास किया है। साथ ही 2354 महाविद्यालयों का शुल्क आरटीजीएस हेतु बैंक भेजा जा चुका है।

लखनऊ विश्वविद्यालय व कीस्टोन मानव सेवा इंटरनेशनल के बीच अनुबंध

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय व कीस्टोन मानव सेवा इंटरनेशनल के बीच बुधवार को एक अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर किया गया। यह अनुबंध विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय और कीस्टोन मानव सेवा इंटरनेशनल, भारत के प्रतिनिधि एलिजाबेथ पेनॉक नेउविल के बीच प्रो रानू उनियाल, अंग्रेजी और आधुनिक यूरोपीय भाषाओं के विभाग के विभागाध्यक्ष की उपस्थिति में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। कीस्टोन ह्यूमन सर्विसेज इंटरनेशनल पिछले कुछ वर्षों से विभिन्न गैर सरकारी संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों और अन्य सरकारी और गैर सरकारी एजेंसियों को प्रशिक्षण, शिक्षा, परामर्श और तकनीकी सहायता प्रदान कर रहा है। कीस्टोन ह्यूमन सर्विसेज इंटरनेशनल के सहयोग से लखनऊ विश्वविद्यालय ने विकलांगता अध्ययन पर एक मूल्य वर्धित वैकल्पिक पाठ्यक्रम बनाया है जो अंग्रेजी और आधुनिक यूरोपीय भाषाओं के विभाग में कार्यात्मक है।

AMRIT VICHAR PAGE 3

लविवि को नेचर इंडेक्स सूचकांक में 32 वां स्थान हासिल

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय लगातार दुनिया भर के कई सूचकांक में रैंकिंग में सुधार कर रहा है। जबकि पिछले साल, विश्वविद्यालय वेबमेट्रिक्स इंडेक्स, द टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग, और इंडिया टुडे रैंकिंग में पदों को सुरक्षित करने में सक्षम था। इस साल लखनऊ विश्वविद्यालय नेचर इंडेक्स सूचकांक में 32 वां स्थान हासिल करने में सक्षम हुआ। लखनऊ विश्वविद्यालय को पूरे देश में भौतिक विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान की गुणवत्ता के एक संकेतक के रूप में आंका गया था, जिसे नेचर इंडेक्स द्वारा भौतिक विज्ञान की शीर्ष पत्रिकाओं में प्रकाशनों के आधार पर मापा गया था। विश्वविद्यालय द्वारा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंडियन स्कूल ऑफ माइंस और बर्दवान विश्वविद्यालय के साथ 32 वां स्थान हासिल किया गया है।

लविवि में हुआ करार

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय और कीस्टोन मानव सेवा इंटरनेशनल, भारत के प्रतिनिधि एलिजाबेथ पेनॉक नेउविल के बीच प्रो रानू उनियाल, अंग्रेजी और आधुनिक यूरोपीय भाषाओं के विभाग के विभागाध्यक्ष की उपस्थिति में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। कीस्टोन ह्यूमन सर्विसेज इंटरनेशनल पिछले कुछ वर्षों से विभिन्न गैर सरकारी संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों और अन्य सरकारी और गैर-सरकारी एजेंसियों को प्रशिक्षण, शिक्षा, परामर्श और तकनीकी सहायता प्रदान कर रहा है। कीस्टोन ह्यूमन सर्विसेज इंटरनेशनल के सहयोग से लखनऊ विश्वविद्यालय ने विकलांगता अध्ययन पर एक मूल्य वर्धित वैकल्पिक पाठ्यक्रम बनाया है जो अंग्रेजी और आधुनिक यूरोपीय भाषाओं के विभाग में कार्यात्मक है।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 5

लखनऊ विवि में एमओयू साइन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय और कीस्टोन मानव सेवा इंटरनेशनल, भारत के प्रतिनिधि एलिजाबेथ पेनॉक नेउविल के बीच प्रो रानू उनियाल, अंग्रेजी और आधुनिक यूरोपीय भाषाओं के विभाग के विभागाध्यक्ष की उपस्थिति में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। कीस्टोन ह्यूमन सर्विसेज इंटरनेशनल पिछले कुछ वर्षों से विभिन्न गैर सरकारी संगठनोंए शैक्षणिक संस्थानों और अन्य सरकारी और गैर.सरकारी एजेंसियों को प्रशिक्षणए शिक्षाए परामर्श और तकनीकी सहायता प्रदान कर रहा है। कीस्टोन ह्यूमन सर्विसेज इंटरनेशनल के सहयोग से लखनऊ विश्वविद्यालय ने विकलांगता अध्ययन पर एक मूल्य वर्धित वैकल्पिक पाठ्यक्रम बनाया है जो अंग्रेजी और आधुनिक यूरोपीय भाषाओं के विभाग में कार्यात्मक है।

लविवि को नेचर इंडेक्स सूचकांक में 32 वां स्थान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय लगातार दुनिया भर के कई सूचकांक में रैंकिंग में सुधार कर रहा है। जबकि पिछले सालए विश्वविद्यालय वेबमेट्रिक्स इंडेक्स, द टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंगए और इंडिया टुडे रैंकिंग में पदों को सुरक्षित करने में सक्षम था। इस साल लखनऊ विश्वविद्यालय नेचर इंडेक्स सूचकांक में 32 वां स्थान हासिल करने में सक्षम हुआ। लखनऊ विश्वविद्यालय को पूरे देश में भौतिक विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान की गुणवत्ता के एक संकेतक के रूप में आंका गया था, जिसे नेचर इंडेक्स द्वारा भौतिक विज्ञान की शीर्ष प